सेवा में-

प्राचार्य
चमनलाल महाविद्यालय (स्वायत्त)
लण्ढौरा हरिद्वार

विषय - B.O.S. की मीटिंग करने के सम्बन्ध में।

महोदय,
निवेदन यह है कि रसायन विज्ञान विभाग की बी० एस० सी० तथा एम० एस० सी० की Board of Studies की एक मीटिंग दिनांक 25-07-26 को प्रातः 11.00 बजे रसायन विज्ञान विभाग में आयोजित करना चाहता हूँ। अतः उक्त मीटिंग कराने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें। सधन्यवाद

भवदीय
[signature]
24-07-2026
डॉ० संजीव कुमार
विभाग प्रभारी
रसायन विज्ञान विभाग

[signature]

आवश्यक सूचना

बोर्ड ऑफ स्टडीज (B.O.S) के सभी सम्मानित सदस्यो को सूचित किया जाता है कि रसायन विज्ञान विभाग की एक आवश्यक बैठक दिनांक 25-01-2026 को सुबह 11:00 बजे रसायन विज्ञान विभाग में होनी सुनिश्चित हुई है। आपसे अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होकर पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धति एवं मूल्यांकन प्रणाली आदि सम्बन्धी आवश्यक बिन्दुओं पर मार्गदर्शन करने का कष्ट करें। आभार सहित

21.01.2026

डॉ० संजीव कुमार
विभाग प्रभारी एवं
B.O.S. संयोजक
रसायन विज्ञान विभाग

प्राचार्य महोदय के आदेशानुसार बैठक का एजेण्डा निम्न प्रकार है :—

1. गत कार्यवाही की पुष्टि
2. मुख्य परीक्षा के प्रश्न पत्रों को हल करने हेतु प्रदान किये जाने वाले समय को 02:30 घण्टे किये जाने पर विचार।
3. पूर्व की तरह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा 75 अंक एवं आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक का मूल्यांकन लागू किये जाने पर विचार।
4. आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एक-रूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (15 अंक की लिखित परीक्षा, 5 अंक की उपस्थिति तथा 05 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) केन्द्रीकृत माध्यम से सम्पादित कराये जाने तथा लिखित परीक्षा हेतु मिडटर्म परीक्षा पर विचार।
5. पी० जी० पाठ्यक्रम में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध जमा करने का प्रावधान किये जाने पर विचार

1. डॉ० राधेश्याम (हस्ताक्षर)
2. डॉ० प्रशान्त तेवतिया (हस्ताक्षर)
3. डॉ० विपिन कुमार (हस्ताक्षर)
4. ईशिका शर्मा (हस्ताक्षर)

(हस्ताक्षर)
डा० संजीव कुमार
विभाग प्रभारी एवं
B.O.S. संयोजक

कार्यवृत्त

आज दिनांक 25-07-2026 को रसायन विज्ञान विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज (B.O.S) की आवश्यक बैठक 11:00 A.M. बजे रसायन विज्ञान विभाग में आयोजित की गई।
बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे —

1. डॉ० संजीव कुमार – समन्वयक
2. डॉ० राधेश्याम – विषय विशेषज्ञ
3. डॉ० प्रशान्त तेवतिया – " "
4. डॉ० विपिन कुमार – नामित सदस्य
5. ईशिका शर्मा – भूतपूर्व छात्रा

डॉ० संजीव कुमार समन्वयक द्वारा समस्त आगन्तुक सदस्यों का स्वागत किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई —

एजेण्डा बिन्दु – 01
एजेण्डा – गत कार्यवाही की पुष्टि।
विनिश्चय – दिनांक 17-11-2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही को यथावत अनुमोदित किया गया। कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

एजेण्डा बिन्दु – 02
एजेण्डा – मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने हेतु छात्रों को प्रदान किये जाने वाले समय को 02:30 घण्टे किये जाने पर विचार।
विनिश्चय – विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त पाठ्यक्रमों में प्रश्नपत्र हल किये जाने हेतु छात्रों को 2:30 घंटे का समय प्रदान किया जाये।

एजेण्डा बिन्दु – 03
एजेण्डा – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा

75 अंक एवं आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक मूल्यांकन लागू किये जाने पर विचार

विनिश्चय — विस्तारपूर्वक विचार किये जाने के उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रसायन विज्ञान में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में मुख्य परीक्षा 75 तथा आन्तरिक परीक्षा में 25 अंको की मूल्यांकन व्यवस्था लागू रहेगी।

एजेण्डा बिन्दु - 04

एजेन्डा — आन्तरिक परीक्षा में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (अंक विभाजन लिखित परीक्षा 15 अंक, उपस्थिति - 05 अंक, अनुशासन एवं शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग - 05 अंक) केन्द्रीकृत माध्यम से कराये जाने पर विचार तथा लिखित परीक्षा हेतु मिडटर्म परीक्षा कराये जाने पर विचार।

विनिश्चय → विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित किया जाना अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा केन्द्रीकृत माध्यम से मिडटर्म परीक्षा के रूप में (15 अंक लिखित परीक्षा, 05 अंक उपस्थिति, 05 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) आयोजित करायी जाये

एजेण्डा बिन्दु - 05

एजेण्डा — पी० जी० पाठ्यक्रम में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध प्रबन्धन जमा किये जाने का प्रावधान किये जाने पर विचार।

विनिश्चय — विस्तृत विचार विमर्श से सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पी० जी० द्वितीय एवं चतुर्थ

सेमेस्टर में लघुशोध का प्रावधान किया जाये। तथा द्वितीय सेमेस्टर में लघु शोध का विषय निर्धारण प्रथम सेमेस्टर में, चतुर्थ सेमेस्टर के लघुशोध का विषय निर्धारण तृतीय सेमेस्टर में कर किया जाये ताकि छात्रों को शोध कार्य हेतु समुचित समय प्राप्त हो सके। प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में लघु शोध का कार्य प्रोग्रेसिव मोड में रहेगा।

समिति के समस्त सदस्यों ने उक्त एजेण्डा बिन्दुओं पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया एवं उक्त सभी एजेण्डा बिन्दुओं 01 से 05 हेतु संस्तुति प्रदान की। समिति ने रसायन विज्ञान के पूरे पाठ्यक्रम का पुनःरीक्षण किया। वर्तमान में पाठ्यक्रम में परिमार्जन। संसोधन की आवश्यकता प्रतीत नही हो रही है।

अन्त में सम-वयक के द्वारा पाठ्यक्रम ~~[illegible]~~ निर्माण समिति के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया, तदुपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

एजेन्डा बिन्दु '2' के सम्बंध में मुख्य परीक्षा पत्रों को हल करने का समय 3:00 से 2:30 घंटे विश्वविद्यालय/महाविद्यालय एकेडमिक काउन्सिल के अनुमोदन के पश्चात किया जा सकता है।

[signatures]

प्राचार्य
चमन लाल महाविद्यालय
लंढौरा, जनपद हरिद्वार